

# व्यक्त करें कि आप ख्याल करते हैं

*कई तरीकों से हम अपनी देख-रेख दिखा सकते हैं, विशेष रूप से क्रिसमस के दिनों में। हम कह सकते हैं, टेक्स्ट कर सकते हैं, इसे लिख सकते हैं, इसे दे सकते हैं, इसे बांट सकते हैं, प्रार्थना कर सकते हैं, इसे पका कर दे सकते हैं, गा सकते हैं, इसे गले लगा सकते हैं, इसे खेल सकते हैं, इसे बो सकते हैं, या इसे साफ कर सकते हैं। केवल कोशिश करें।*

दूसरों के प्रति प्रेम व्यक्त करना सेवकाई का केंद्र है I सहायता संस्था की जनरल अध्यक्ष जीन बी. बिंघम ने कहा: "सच्ची सेवकाई प्रेम द्वारा प्रेरित एक एक करके की जाती है... प्रेरणा के रूप में प्रेम के साथ, चमत्कार होंगे, और हम अपने 'खोए' बहनों और भाईयों को समावेशी में यीशु मसीह के सुसमाचार में वापस ले कर आने के मार्ग ढूँढ लेंगे I"[1]

दूसरों से व्यक्त करना की हमे उनका ख्याल है, निजी संबंधों के विकास का एक एहम हिस्सा है I परन्तु लोगों को यह सन्देश विभिन्न प्रकार से प्राप्त होता है। तो हम दूसरों के लिए अपने प्रेम को उचित तरीके से कैसे व्यक्त कर सकते हैं जिसे वे समझेंगे और सराहना करेंगे ? यहाँ कुछ तरीके बताये गए हैं जिनके द्वारका हम व्यक्त कर सकते हैं की हम ख्याल करते हैं, साथ में कुछ सुझाव आपके विचरने के लिए I

### कहें

कई बार केह कर व्यक्त करना कि आप किसी के बारे में कैसा महसूस करते हैं, इसका कोई विकल्प नहीं होता। हालांकि इसका अर्थ यह हो सकता है कि आप कहें कि उनसे प्रेम करते हैं, इसमें शामिल हैं कि आप उनकी प्रशंसा करें या ईमानदारी से सराहना करें। इस प्रकार की पुष्टि संबंधों को मजबूत करने में मदद करती है। (देखें इफिसियों 4:29)

- उनके किसी गुण की सराहना करने का अवसर ढूंढें I
- उनके यहाँ जायें, कॉल, ईमेल या टेक्स्ट करें, या कार्ड भेज कर व्यक्त करें कि आप उनके बारे में सोच रहे हैं।

### मिलें

समय निकल कर किसी के साथ बात करना और उन्हें सुन्ना एक प्रभावशाली तरीका है यह दर्शाने के लिए कि आप उन्हें कितना महत्व देते हैं I चाहे आप उनसे घर पर, चर्च में, या कहीं और मिलें, कई लोग हैं जिन्हे बात करने के लिए किसी की जरुरत होती है I ( देखें मुसायाह 4:26; स&अ 20:47.)

- उनकी आवश्यकता अनुसार, मिलने का समय तय करें| ध्यान से उन्हें सुनने और उनकी परिस्तिथि को समझने के लिए समय निकालें|
- दूरी, सांस्कृतिक मानदंडों या अन्य परिस्थितियों के कारण जिन घरों में जाना मुश्किल हो सकता है, गिरजा की सभा के बाद एक साथ समय निकालने पर विचार करें।

### उद्देश्य के साथ सेवा करें

उनकी या उनके परिवार की आवश्यकताएँ का ध्यान रक्खें। सार्थक सेवा प्रदान करना व्यक्त करता है कि आप उनका ख्याल करते हैं। यह समय और विचारशील प्रयास के बहुमूल्य उपहारों को संयुक्त करता हैं। "सेवा के सरल कार्य दूसरों पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं," कहा बहन बिंघम ने I [2]

- सेवा प्रदान करें जो व्यक्तियों या उनके परिवारों को दृढ़ बनाये, जैसे कि बच्चों का ध्यान रखना ताकि माता-पिता मंदिर जा सकें।
- भार हल्का करने के अवसर ढूंढें जब जीवन कठिन हो जाये, जैसे कि खिड़कियां साफ़ करना, कुत्ते को टहलना, या आंगन में सहायता करना।

### एक साथ चीज़ें करें

ऐसे व्यक्ति हैं जो गहरी बातचीत द्वारा संबंध नहीं बनाते I कई लोगों के लिए, साझा रुचियों में समय बिताने से संबंध बनाये जा सकते हैं । प्रभु ने आग्रह किया है कि हम "उनके साथ रहें और दृढ बनायें" (स&अ 20:53) अपने भाइयों और बहनों को I

- टहलने के लिए जायें, गेम नाईट की योजना करैं, या साथ में व्यायाम करने का नियमित समय बांधें ।
- समाज या चर्च की परियोजना में मिल कर सेवा करें |

### एक उपहार भेंट करें

कई बार बातचीत करने के लिए समय या अवसर सीमित होते हैं I कई संस्कृतियों में, उपहार देना ख्याल करने और सहानुभूति का चिह्न होता है। यहां तक कि कभी-कभी, सरल उपहार भी बेहतर संबंध बनाने के लिए आपकी रुचि को व्यक्त कर सकता है। (देखें नितिवचन 21:14.)

- उन्हें एक पसंदीदा पकवान दें ।
- एक उद्धरण, धर्मशास्त्र का वचन, या अन्य संदेश साझा करें जो आपको लगता है जिससे उन्हें लाभ होगा ।

### प्रेम का श्रम

जैसे कि आप उन लोगों को जानते हैं जिनकी आप सेवा करते हैं और जिनके लिए आप प्रेरणा प्राप्त करते हैं, आप विशेष रूप से सीखेंगे कि कैसे अपने प्रेम और देखभाल को उनके प्रति व्यक्त करें।

ओरेगन, यू एस ए की किम्बर्ली सेबॉल्ट, प्रेरणा प्राप्त करने और प्रेम दर्शाने के लिए उपहार भेंट करने की के कहानी बतातीं हैं:

"जब मुझे लगता है कि जीवन मुझे नीचे ला रहा है, तब मैं उठती हूँ और आम तौर पर आठ पाव जुकीनी ब्रेड बनाती हूँ । सेंकने के दौरान मेरा विशेष पदार्थ एक शांत प्रार्थना होती है जानने के लिए कि किसको इस ब्रेड की आवश्यकता है । मैं अपने आसपास के पड़ोसियों को बेहतर ढंग से जान पाई हूं क्योंकि गर्म जुकीनी ब्रेड उनके घरों और जीवन में आने के लिए मेरा निमंत्रण रही है।

गर्मियों में एक गरम दिन, मैं सड़क के किनारे ब्लैकबेरी के पिंट बेचने वाले परिवार के पास रुकी । मुझे और ब्लैकबेरी की आवश्यक्ता नहीं थी, लेकिन स्टैंड पर युवा, पतले लड़के ने मुझे देख कर उत्साह दिखाया यह सोच करके कि मैं उसकी अगली ग्राहक हूँ। मैंने कुछ ब्लैकबेरी ख़रीदे, लेकिन मेरे पास भी उसके लिए एक उपहार था। मैंने लड़के को दो ब्रेड दिए । वह अपने पिता के ओर मंजूरी के लिए मुड़ा, फिर बोला, 'देखिए, पिताजी, अब हमारे पास आज कुछ खाने के लिए है।' मैं अभरपूर्ण थी इस अवसर के लिए जिसके द्वारा मैं एक सरल रूप में प्रेम दर्शा सकी ।"

बारह प्रेरितों की परिषद् के एल्डर जेफ्फेरी आर. हॉलैंड ने निवेदन किया "कि हर पुरुष और महिला - और हमारे अधिक आयु वाले युवक और युवतियां - रहेंगे - एक दूसरे के लिए मन से देखभाल करने के लिए और अधिक गहराई से प्रतिबद्ध, केवल मसीह के पवित्र प्रेम से ऐसा करने के लिए प्रेरित होंगे | ... हम दाख के बगीचे के प्रभु के साथ साथ श्रम करें, हम सभी के परमेश्वर और पिता का हाथ बटाएँ उनके चौकादेनेवाले कार्य में जो है प्रार्थनाओं का उत्तर देना, सांत्वना देना, आँसू सुखना, और कमजोर घुटनों को शक्ति देना | [3]

### यीशु मसीह देखभाल करते हैं

लज़ारस को मृत्यु से उठाने के पश्चात्, "यीशु रोये I

"तब यहूदियों ने कहा, देखो, वह उससे कैसे प्रेम करता है!" (यहूदी 11:35–36).

"मुझे तुमसे सहानुभूति है," मसीह ने नफ़ियों से कहा I तब उन्होंने बीमार और पीड़ित, लंगडे और अंधों को बुलाया, और "उन्होंने उन्हें चंगा किया" (देखें 3 नफी 17:7–9) I

उद्धारकर्ता ने हमें उदाहरण दिखाया जैसे उन्होंने दूसरों का ख्याल रखा I उन्होंने हमें सिखाया:

"आप प्यार करें प्रभु आपके परमेश्वर को अपने पूरे दिल से, और अपनी पूरी आत्मा से, और अपने पूरे मन से ।

"यह पहला और महान आदेश है I

"और दूसरा इसके जैसा है, आप अपने पडोसी से प्यार करें जैसे स्वयं को " (मत्ती 22:37–39).

**आपकी देखभाल कि किसको आवश्यक्ता है ?  आप उन्हें कैसे दिखा सकते हैं कि आप ख्याल करते हैं?**

दूसरों को सुनने से हमें राह खोजने में सहायता मिलेगी उन्हें दिखाने के लिए कि हम ख्याल करते हैं I देखें "सेवकाई के सिद्धांतो के लेख" पांच चीज़े अच्छे श्रोता करते हैं " जून 2018 लियाहोना के अंक में I

"सेवकाई के सिद्धांत" लेख एक दूसरे की देखभाल करने में हमारी सहायता करने के लिए हैं - मिलने के दौरान संदेश के रूप में साझा नहीं किया जाना चाहिए | जैसे हम उन लोगों को जानते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, पवित्र आत्मा हमें यह जानने के लिए प्रेरित करेंगे कि हमारी देखभाल और करुणा के अलावा उन्हें किस संदेश की आवश्यकता हो सकती है।

### टिप्पणियाँ

1. जीन बी. बिंघम, "उद्धारकर्ता जैसे सेवा करना," लियाहोना , मई 2018, 106.

2.जीन बी बिंघम, , "उद्धारकर्ता जैसे सेवा करना," 104.

3.जेफ्फरी आर. हॉलैंड," "उनके साथ रहें और मजबूती दें," लियाहोना, मई 2018, 103.

© 2018 द्वारा All rights reserved । भारत में छपी। अग्रेंजी अनुमतिः 6/17 । अनुवाद अनुमतिः 6/17। अनुवाद *Ministering Principles, December 2018.* Hindi. 15056 294